# कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I), राजस्थान, जयपुर

क्रमांक: EDP/AUDIT-I/K-225/2026-27(Part-3)/D-I/I/1514437/2026 दिनांक: 08.07.2026

कार्यालय द्वारा व्यापक (Comprehensive) साइट सर्वेक्षण कराने हेतु प्रतिष्ठित, अनुभवी एवं उपयुक्त स्थानीय विक्रेताओं/सेवा प्रदाताओं से सीलबंद अथवा ई-मेल के माध्यम से कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं।

**सर्वेक्षण के दौरान विचार किए जाने वाले प्रमुख तकनीकी बिंदु:**

1. स्थल का भौतिक निरीक्षण एवं वर्तमान LAN नेटवर्क के अनुरूप आवश्यक प्वाइंट/नोड की आवश्यकता का मूल्यांकन।
2. विभिन्न निर्दिष्ट स्थानों के लिए तल वार (Floor-wise) एवं कक्ष वार (Room-wise) नेटवर्क लेआउट तैयार करना।
3. आवश्यक नेटवर्क प्वाइंट/आई.ओ. प्वाइंट तथा नेटवर्क आउटलेट/स्विच (पावर आउटलेट सहित) का विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करना।
4. नेटवर्क टोपोलॉजी डायग्राम/मैप (लॉजिकल एवं फिजिकल दोनों) तैयार करना, जिसमें प्वाइंट, स्विच का स्थान, रैक का स्थान, केबल रूटिंग आदि का विस्तृत विवरण दर्शाया गया हो।
5. आवश्यक केबल रूट, केबल की लंबाई, केबल ट्रे/कंड्यूट/PVC केसिंग आदि (मात्रा सहित) की आवश्यकता का प्रतिवेदन तैयार करना।
6. नेटवर्क स्थापना हेतु आवश्यक UTP केबल, पैच कॉर्ड, पैच पैनल, फेस प्लेट, इन्फॉर्मेशन आउटलेट, रैक, नेटवर्क स्विच, SFP मॉड्यूल, फाइबर केबल आदि की संख्या।
7. वर्तमान (पुराने) नेटवर्क को IA&AD VLAN अवसंरचना (Infrastructure) में माइग्रेट (Migration) करने हेतु आवश्यक अतिरिक्त हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर (यदि कोई हो) का विस्तृत विवरण।
8. उचित संचालन/स्थापना हेतु आवश्यक हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर (मदवार एवं मात्रा सहित) तथा उनकी तकनीकी विशिष्टताओं का विवरण।
9. सर्वेक्षण के दौरान पाए गए विभिन्न लाभ/हानियों (Pros/Cons) के संबंध में अनुशंसा (यदि कोई हो) तथा प्रस्तावित समाधान/सुझाव।
10. इस कार्य के निष्पादन हेतु आवश्यक विस्तृत वित्तीय लागत अनुमान (आवश्यक औचित्य सहित; मात्रा एवं प्रति इकाई दर का उल्लेख करते हुए)।

**प्रस्ताव प्रस्तुत करने संबंधी दिशा-निर्देश एवं शर्तें:**

• **प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:** उपरोक्त के संदर्भ में आपसे अनुरोध है कि कार्यालय परिसर में उक्त LAN सर्वेक्षण कार्य के निष्पादन हेतु अपना प्रतिस्पर्धी कोटेशन/अनुमानित सर्वेक्षण शुल्क कार्यालय को आधिकारिक पत्र अथवा ई-मेल के माध्यम से दिनांक **30.07.2026** तक उपलब्ध कराएं। निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

• **उद्देश्य एवं कार्य आवंटन का अधिकार:** यह स्पष्ट किया जाता है कि यह आमंत्रण केवल तकनीकी सर्वेक्षण कराने तथा लागत अनुमान प्राप्त करने के उद्देश्य से जारी किया जा रहा है। यह आमंत्रण किसी भी फर्म को आगामी कार्यादेश (Work Order) अथवा परियोजना आवंटन का कोई अधिकार प्रदान नहीं करता है।

• **स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार:** कार्यालय बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी प्रस्तावों/कोटेशनों को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

**वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/ई.डी.पी.**